एक नजर में

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण का आयोजन

महिदपुर। म.प्र शासन की मंशानुसार म.प्र में पशुओं में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक किया जाना है। जिसमें विख महिदपुर के गौसेवक व मेत्री का द्वितीय परीक्षण 15 दिसंबर को शासकीय पशु चिकित्सालय महिदपुर में आयोजित किया गया। जिसमें पशुपालन के तीन स्तंभ नस्ल सुधार ,पशु सुधार व पशु पोषण के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ. अरविंद कुमार मथानिया पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी एवं डॉ. उदयवीरसिंह प्रभारी पशु चिकित्सालय महिदपुर एवं कमल प्रजापत, तूफानसिंह पंवार, धर्मेंद्रसिंह राजपूत, शैतानसिंह, चेतन डोडिया, गणपत लाल प्रजापत, गोविंदसिंह, किशोर वर्रा, राहुलसिंह, राजाराम, विकास माली, बने सिंह, गौसेवक एवं मेत्री उपस्थित रहे। अभियान के दौरान पशुपालकों के पास 05 से 09 संख्या तक गोवंशीय व भैंस वंशीय पशु है उनसे संपर्क कर अभियान को सरल बनाना है।

नवोदय में 6ठी में प्रवेश हेतु परीक्षा संपन्न

घट्टिया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय घट्टिया में कक्षा 6टी में प्रवेश हेतु उज्जैन जिले के घट्टिया, तराना एवं उज्जैन ब्लॉक के सात केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा शनिवार को संपन्न हुई। प्राचार्य किरण महस्के ने बताया कि आगामी सत्र 2026-27 हेतु कक्षा छठी में 80 विद्यार्थियों के चयन हेतु कुल 1546 विद्यार्थियो ने पंजीकरण कराया था जिसमें से 1147 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे।

शांति धाम में चलाया स्वच्छता अभियान

घट्टिया। शांति धाम (शव दाह परिसर) में स्थानीय लोगों ने स्वच्छता अभियान चलाया । प्रत्येक रविवार को रहवासी श्रम दान कर परिसर में साफ़ सफाई करते है। शव की राख, लकड़ी, कंडे, कपड़े, सहित अन्य सामग्रियां लोग ऐसे ही परिसर में छोड़ जाते हैं। जिससे गंदगी फैलती है जो कि गांव के ही रहवासियों ने श्रम दान कर सफाई करते हैं। इसी के साथ पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा हेतु ट्रीगॉर्ड आदि लगाए। सरपंच यशवंत मालवीय, मुकेश परमार, संजय मालवीय, कमल सोलंकी, अशोक पांडे, गोपाल कछावा, विजय मंडलोई, महेश राठौर आदि प्रत्येक रविवार श्रम दान कर सफाई करते है, जो कि एक सराहनीय कार्य है।

विद्यालय परिसर में घूम हुई चांदी की पायल लौटाई

घट्टिया। शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय घट्टिया के पीयून गोविंद बैरागी ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए शासकीय मॉडल स्कूल की शिक्षिका श्वेता हीरावत की चांदी की पायल जो कि विद्यालय परिसर में गुम हो गई थी को लौटाई। उक्त पायल घूम होने के बाद विद्यालय परिसर में सांदीपनि विद्यालय के कर्मचारी गोविंद बैरागी को मिली जिसने ससम्मान श्वेता हीरावत को लौटा दी और ईमानदारी की मिसाल पेश की। श्वेता हीरावत ने हर्ष व्यक्त करते हुए गोविंद को पुरस्कृत कर आभार प्रकट किया। वर्तमान में सान्दीपनि स्कूल मॉडल स्कूल परिसर में संचालित हो रहा है।

आज से शहर में पुन: शुरू हुए अलाव-नपाध्यक्ष संतोष ओ.पी. गेहलोत

नागदा। शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा शहर में पुन: अलाव की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओ.पी. गेहलोत के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा सर्दी के दिनों में रात्रिकालीन समय पर शहर के प्रमुख एवं चयनित सार्वजनिक स्थलों—रेलवे स्टेशन, अस्पताल, थाना, कांजी हाउस, वृद्धाश्रम, रैन बसेरा सहित अन्य ऐसे स्थान जहां यात्रियों एवं मुसाफिरों का निरंतर आवागमन बना रहता है—पर अलाव की व्यवस्था की जाती है। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूर्व निर्धारित स्थलों पर आज से ही अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ठंड के मौसम में आमजन, यात्रियों एवं जरूरतमंदों को राहत मिल सके। नगर पालिका द्वारा की जा रही इस पहल से शहरवासियों ने संतोष व्यक्त किया है तथा इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया है।

महाकाल की नगरी में आएंगे 'राहु केतु'

- ग्रह नक्षत्रों पर बनी फिल्म का मुख्यमंत्री करेंगे प्रमोशन
- 22 दिसंबर को उज्जैन लिखेगा नई स्क्रिप्ट

फिल्म इंडस्ट्री को नई दिशा, एमपी बनेगा सिनेमा हब

प्रमोद व्यास

उज्जैन. मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी उज्जैन एक बार फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म जगत के केंद्र में आने जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 22 दिसंबर को उज्जैन पहुंचेंगे, जहां दशहरा मैदान पर फिल्म 'राहु केतु' के सॉन्ग और फिल्म का भव्य लॉन्च किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश में एक फिल्म सिटी बनाने पर भी मंथन कर रहे हैं.

यह आयोजन पूरी तरह सार्वजनिक होगा और मुंबई की तर्ज पर कॉरपोरेट स्टाइल में आयोजित किया जा रहा है. इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की मशहूर रैपर राजा कुमारी का लाइव शो भी होगा. अमेरिका से ताल्लुक रखने वाली राजा कुमारी पहली बार उज्जैन में परफॉर्म करेंगी. आयोजन में फिल्म और संगीत जगत की कई नामचीन हस्तियों की मौजूदगी भी रहेगी.

16 जनवरी को फिल्म होगी रिलीज- फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर सूरज सिंह हैं, जो एम.एस. धोनी पर बनी फिल्म के निर्देशन से भी जुड़े रहे हैं. राहु केतु 16 जनवरी 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. लॉन्च के दौरान फिल्म के सॉन्ग्स का प्रमोशन भी किया जाएगा, जिसमें शिव भक्ति पर आधारित एक विशेष भजन शामिल है.

काल गणना केंद्र उज्जैन-फिल्म का विषय ग्रहों और ज्योतिष पर आधारित है, जो उज्जैन की पहचान से सीधे तौर पर जुड़ता है. उल्लेखनीय है कि उज्जैन काल गणना का प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध केंद्र रहा है. ऐसे में राहु केतु का लॉन्च महाकाल की नगरी में होना इसे और भी विशेष बनाता है.

दशहरा मैदान पर होगा आयोजन - दशहरा मैदान पर होने वाले इस आयोजन के प्रचार-प्रसार के लिए शहरभर में फ्लेक्स और होर्डिंग लगाए जाएंगे. आयोजकों का दावा है कि यह आयोजन मध्य प्रदेश में फिल्म लॉन्चिंग के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा और यादगार इवेंट होगा.

फिल्म इंडस्ट्रीज के लिए एमपी के होगा अहम

फिल्म राहु केतु के जरिए मध्य प्रदेश सरकार फिल्म इंडस्ट्री के लिए राज्य के दरवाजे खोलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रही है। मध्य प्रदेश टूरिज्म द्वारा फिल्म जगत को लगातार प्रमोट किया जा रहा है, ताकि प्रदेश को फिल्म शूटिंग और फिल्म निर्माण का नया हब बनाया जा सके

फिल्म पर एक नजर

फिल्म में कॉमेडी से भरपूर भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा एक बार फिर साथ नजर आएंगे. वहीं, गंभीर अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अमित सियाल भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे. इनके अलावा शालिनी पांडे, पीयूष मिश्रा और चंकी पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं. फिल्म का निर्देशन विपुल विग ने किया है. कहानी के अनुसार फिल्म में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा के किरदारों पर राहु और केतु की दशा चल रही होती है, जिसके चलते उनके जीवन में अजीबोगरीब और हास्य से भरी घटनाएं घटती हैं. ग्रहों के प्रभाव से जुड़ी यह कहानी दर्शकों को मनोरंजन के साथ एक नया अनुभव देने का दावा करती है.

भारत रत्न अटल एवं महामना के व्यक्तित्व और कृतित्व पर होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

उज्जैन। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा प्रतिवर्षानुसार भारत रत्न राष्ट्र के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के समापन दिवस एवं महान शिक्षाविद् महामना मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस 25 दिसंबर को होने जा रहे अभिनंदन समारोह में साहित्यकारों को सम्मानित किया जावेगा। कबीर के भजनों की प्रस्तुति से समारोह का शुभारंभ किया जाएगा।

समारोह अध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी ने बताया कि उज्जैन में होने वाले 43वां राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में देश के विद्वान अतिथि एवं वक्ताओं का उद्बोधन होगा। समारोह 25 दिसम्बर को होटल शुभश्री उज्जैन में होगा। समारोह शुभारंभ में मुख्य अतिथि डॉ. अमिता दुबे निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ, विशिष्ट अतिथि डॉ. जवाहर कर्नावट निदेशक अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र भोपाल, पंडित रमण त्रिवेदी पुजारी महांकाल मंदिर एवं वरूण गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता उज्जैन तथा डॉ. अशोक आचार्य राष्ट्रीय महामंत्री भारत रक्षा मंच दिल्ली तथा मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार भार्गव आईएएस एवं पूर्व संभागायुक्त एवं शिक्षाविद् भोपाल एवं अध्यक्षता ब्रजकिशोर शर्मा राष्ट्रीय संरक्षक एवं शिक्षाविद् उज्जैन करेंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रस्तावना डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा कुलानुशासक सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन, विशिष्ट वक्ता निर्मलकुमार मेहता संरक्षक प्रदेश महाराष्ट्र मुम्बई, राजेन्द्रकुमार पाल, एवं डॉ. मनीष दवे इन्दौर रहेंगे। संगोष्ठी संयोजक डॉ. हरीशकुमार सिंह उपाध्यक्ष एवं स्वागताध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी अध्यक्ष आयोजन समिति उज्जैन होंगे। इस अवसर पर संस्था का द्विमासिक संचेतना समाचार पत्र विशेषांक एवं पुस्तक सुप्रज्ञ कृति का विमोचन भी होगा। अतिथियों का सम्मान एवं स्मृति चिन्ह प्रदेश महासचिव गरिमा प्रपन्न महिला प्रदेशाध्यक्ष मनीषा खेडेकर एवं महासचिव रंजना पांचाल, कोषाध्यक्ष अंजना जैन करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरूणा सराफ इन्दौर करेगी।

भारत भारती का परिचयात्मक कार्यक्रम आज

उज्जैन। राष्ट्रीय एकता को समर्पित, विविध संस्कृतियों में सौहार्द्र, समन्वय एवं समर्पण के सेतु निर्मित करने के उद्देश्य से भारत भारती, उज्जैन द्वारा एक परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन आज 16 दिसम्बर, मंगलवार प्रात: 11 बजे गुजराती समाज धर्मशाला, वेद नगर में आयोजित किया जा रहा है। भारत भारती, उज्जैन की संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्द शिक्षाविद, सिंहस्थ प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर नातू करेंगे। आशीर्वचन चार धाम के महामंडलेश्वर स्वामी शंतिस्वरूपानंद, मुख्य अतिथि भारत भारती राष्ट्रीय समिति की सहसचिव साधना राव, सारस्वत अतिथि सम्राट विविवि हिन्दी अध्ययनशाला के पूर्व अध्यक्ष आचार्य हरिमोहन बुधौलिया होंगे।

उज्जैन लौटने पर हुआ पदक प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान

उज्जैन। महाराष्ट्र के नागपुर में 10वीं एनएसकेएफआई राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें म.प्र. की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व उज्जैन की पूर्वा झाला एवं कुलदीप सिसौदिया द्वारा किया गया।

कोच पूर्वा झाला के अनुसार नागपुर के इंडोर स्टेडियम में हुई राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम सहित 8 राज्य के 800 खिलाड़ी शामिल हुए। मध्यप्रदेश की टीम में 13 बालिका और 36 बालक का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। पदक प्राप्त खिलाड़ियों का उज्जैन लौटने पर सम्मान तरणताल स्थित ग्राउंड में किया गया।

बालिका वर्ग में भूमि भोईटे ने 10 वर्ष में गोल्ड मेडल, जेसिका बैस 8 वर्ष में सिल्वर, ख्याती वाघ 10 वर्ष में गोल्ड, एंजक सिसौदिया 9 वर्ष में ब्रांस मेडल, श्रुती वानया ब्रांज मेडल, लावन्या शर्मा ब्रांस मेडल, स्वस्ती जौसी 14 वर्ष में सिल्वर, समृध्दि परमार 12-14 में ब्रांज मेडल, आर्ना कनोडिया 14-18 वर्ष में गोल्ड, मुस्कान परमार 18-20 में गोल्ड, प्रांजल जोशी 12-14 में गोल्ड पदक जीता। वहीं खुशी परिहार, शिवांशी पाठक, हैंसी खत्री की सहभागिता रही। वहीं बालक वर्ग में कुश ने ब्रांज मेडल, निर्भयसिंह बैस ब्रांस, दिशांक सिंदल ब्रांस, दक्ष यादव ब्रांस, आदित्य त्रिवेदी सिल्वर, उदित राजसिंह पंवार, अहान मल्होत्रा, श्लोक व्यास, रूद्र पाठक, मुबीन खान, अनन्य सिंह पंवार ब्रांस, आर्यन धवन ब्रांस, रौनक यादव ब्रांस, जीत झाला गोल्ड मेडल, अर्पित खत्री ब्रांज मेडल, रिशीत मकवाना सिल्वर मेडल, आर्यन मकवाना ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष राहुल पंड्या, कोच धीरेंद्र सिंह गौड़, सोनू प्रजापति, अरबाज पटेल, सुजलसिंह सोलंकी मौजूद रहे। यह जानकारी पूर्वा झाला द्वारा दी गई।

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने किया समाज के युवाओं का सम्मान

खाचरौद। गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के युवा भूपेंद्र उपाध्याय के प्रेस क्लब अध्यक्ष चुने जाने पर साथ ही मनीष शर्मा के अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष चुने जाने पर एवं ऋषि शर्मा के समाज संगठन के प्रदेश महासचिव चुने जाने पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान द्वारा गणमान्य जनों की उपस्थिति में साफा पहनाकर एवं शाल भेंट कर सम्मानित कर शुभकामनाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक चौहान, अखिल भारतीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. ओम प्रकाश उपाध्याय, राष्ट्रीय महासचिव पं राजेश तिवारी, गुर्जर गौड़ युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष पं. श्रेयांस तिवारी, प्रदेश महामंत्री युवा संघ पं. अश्विन तिवारी, युवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष विक्रम शर्मा, मंडल भाजपा अध्यक्ष मनीषा शर्मा,

सूर्यप्रकाश शर्मा ने भगवान् परशुराम एवं महर्षि गौतम ऋषि के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। संचालन प्रवीण नायक ने एवं आभार अखिलेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. चौहान द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में समाज के प्रमुख दायित्व मिलने पर विस्तार से सामाजिक विषयों उपस्थित जनमानस को समाज के विभिन्न दायित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं उनके द्वारा कहा गया कि समाज प्रमुख अपने समाज के साथ अन्य समाजों को भी साथ लेकर चले तभी आपके पद का दायित्व चरितार्थ होगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण के साथ बृजेश व्यास, प्रदीप शर्मा, विनोद गौतम, विशाल शर्मा, हरीश शर्मा, मनीष शर्मा, अजय आचार्य, प्रणव नायक, मोहम्मद अली बोहरा, नरेन्द्र गौहर, ललित यादव, हिमांशु शर्मा, दीपक उपाध्याय, संदीप शर्मा, जगदीश प्रजापति, नागेश्वर बैरागी, विश्वनाथ जोशी, प्रमोद शर्मा, दीपक शर्मा नागदा, सुभाष शर्मा, प्रद्युम्न नायक, नरेंद्र पंवार, राधेश्याम शर्मा, शंकरलाल धाकड़, आदि अनेक गण मान्य जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

बालिकाओं को ऊनी वस्त्र वितरित

महिदपुर। सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी से प्रेरणा लेकर और दो बालिकाएं गोद ली गई। पूर्व में संस्था द्वारा तीन बालिकाओं को गोद लिया गया था इस प्रकार संस्था ने पांच बालिकाओं को गोद लिया है। महिदपुर संस्था प्रमुख रोहिणी मेहता ने बताया कि संस्था समय-समय पर गोद ली बालिकाओं की मदद करती है एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करती है शीतकालीन सत्र में गोद ली हुई बालिकाओं को ऊनी वस्त्र एवं मिठाई वितरित की गई। संस्था ने संकल्प किया की समय-समय पर बालिकाओं की मदद की जावेगी। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रोहिणी मेहता, आशा राठौर, रजनी गुलाटी, लवलीन कालरा, सरिता कालरा, सुजाता मांडीवाल, प्रभा शर्मा, मंजू बाला शर्मा, सरोज पोरवाल, मधु सोनी एवं अन्य बहने उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रजनी गुलाटी द्वारा दी गई।

विश्वकर्मा प्राकट्य उत्सव समिति अध्यक्ष का मनोनयन

- सिंहस्थ महोत्सव को देखते हुए प्रांतीय सम्मेलन करने का विचार भी समाज द्वारा किया गया

उज्जैन। विश्वकर्मा जयंती महोत्सव को लेकर सर्व समिति से अध्यक्ष का निर्णय लिया गया। युवा समाजसेवी सोहन पांचाल (बलेडी वाले) को नियुक्त किया गया।

आगामी सिंहस्थ महोत्सव को देखते हुए प्रांतीय सम्मेलन करने का विचार भी समाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर पांचाल समाज अध्यक्ष नंदकिशोर पांचाल, महिला मंडल अध्यक्ष विद्याजी, युवा मंच अध्यक्ष विशाल पांचाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक पांचाल, कोषाध्यक्ष विष्णु प्रसाद पांचाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी, युवा मंच कार्यकर्ता, मातृ शक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव अरुण पांचाल ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मदनलाल पांचाल, मोहनलाल पांचाल, मुरली पांचाल, जगदीश पांचाल, बाबूलाल पांचाल, भगवान पांचाल, हेमंत पांचाल, राम पांचाल, श्याम पांचाल, अनिल पांचाल, चंद्रशेखर पांचाल, सुनील पांचाल, कैलाश पांचाल आदि समाज जन उपस्थित रहे।

एक नजर ▶ अखंड भारत को समर्पित रहा अमां चवंदी हुई

द्रौपदी चंदनानी सिंधी साहित्य रत्न अवार्ड से सम्मानित

उज्जैन। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित अमां चवंदी हुई (मां कहती थी) शीर्षक का मुख्य कार्यक्रम 14 दिसंबर की शाम झूलेलाल गार्डन, सिंधी कॉलोनी में भाजपा के वरिष्ठ नेता रूप पमनानी एवं वरिष्ठ शिक्षाविद चिमनदास लखानी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ हुआ।

संस्था निदेशक डॉ. पल्लवी किशन ने बताया कि सिंधी समाज की प्रतिभाओं को मंच पर लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के प्रथम चरण में ऑडिशन के माध्यम से चयनित लोगों को राधिका दांदवानी, डॉ. पल्लवी किशन एवं कुमार किशन द्वारा प्रशिक्षण देकर मंच पर प्रस्तुति हेतु तैयार किया। मंच पर लगभग 40 कलाकारों ने गीत, कविता, नृत्य, कहानी, तीज-त्योहारों के महत्व, कॉमेडी संस्मरण, भाषण,

मुहावरों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया तथा इन सभी कलाकारों ने प्रस्तुति उपरांत दर्शकों से तालियों के रूप में बहुत प्रशंसा प्राप्त हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित कवयित्री द्रोपदी चंदनानी ने अपनी कविताओं के माध्यम से दर्शकों को सिंधी संस्कृति की याद दिलाते हुए भावुक किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित मनीष देवनानी बोर्ड मेंबर एनसीपीएसएल ने सिंधी भाषा व संस्कृति के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की भाषा व संस्कृति के संवर्धन की हितकारी योजनाओं को मंच पर साझा किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मीना वाधवानी ने किया। कार्यक्रम में संगतकार के रूप में बृजेश अंजान ढोलक एवं दीपक गिरी सिंथेसाइजर पर थे। सहयोग तीरथ दास भागचंदानी, योगिता रोचवानी, लोकेश भागचंदानी, सूर्यदेव ओल्हन का था। जिन लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया उनमें भाषण -गोपालदास वाधवानी, चंदीराम जेठवानी, मुहावरे-राजकुमार परसवानी, अमर तोलानी, संस्मरण-रोहित सामदानी, कविता-ईश्वरचंद्र चंचलानी, कुमारी दिव्यांशी चांदवानी, कुमारी पहल परसवानी, कहानी- डॉली खेमचंदानी कॉमेडी-विजय भागचंदानी अभिनय-कुणाल खत्री, चिराग सामदानी, चिराग तोलानी, तीज-त्यौहारों का महत्व-हेमा खत्री, भजन, गीत- राधिका दांदवानी, अमन दांदवानी, वीना परसवानी, पूनम भागचंदानी, शोभा शर्मा, दीपा खत्री, एन डी लखानी, एकल नृत्य-हिमांशु हंस,स्तुति खत्री, हीया रामानी, सामूहिक नृत्य-आद्या जोशी, देवेशी चौहान, नक्षत्रा निगम, रोशिता सोनी, रिद्धि सोनी, शार्वी नीमा, जाह्नवी चांडक, माही यादव, कृष्टी सलूजा, स्तुति जोशी, रावि पण्डया, दृति रावल शामिल रहे।